# Daily Current Affairs 18 August 2022

दैनिक समसामयिकी (Current Affairs) के मुद्दों की महत्त्वपूर्ण जानकारी आज के इस लेख द्वारा उपलब्ध कराई गई है, जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में उपयोगी है और हम रोज आपको ऐसे ही gk today current affairs in hindi मैं रोज provide करवाएंगे,और आप Current Affairs In Hindi PDF प्राप्त कर सकतें हो।

1. सूखे के कारण इटली की गार्डा लेक सिकुड़ कर हुई कम
• इटली के सबसे भीषण सूखे के कारण देश की सबसे बड़ी गार्डा झील दशकों में अब तक के सबसे कम जल स्तर तक पहुँच गई है। इसके परिणामस्वरूप जल के नीचे की चट्टानें दिखने लगी और जल का तापमान कैरेबियन सागर के औसत तापमान तक गर्म हो गया।
• गार्डा झील उत्तरी इटली ने महीनों तक काफी कम वर्षा हुई और वर्ष 2022 में हिमपात भी 70% कम हुआ है, जिससे पो जैसी महत्त्वपूर्ण नदियाँ सूख गईं, जो इटली के कृषि और औद्योगिक क्षेत्र में बहती हैं।

2. रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने जोधपुर में किया वीर दुर्गादास राठौड़ की प्रतिमा का अनावरण
• हाल ही में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने राजस्थान के जोधपुर में उनकी 385वीं जयंती पर 'वीर दुर्गादास राठौड़' की प्रतिमा का अनावरण किया है। रक्षा मंत्री ने इस अवसर पर वीर दुर्गादास राठौड़ को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्हें सामाजिक सद्भाव, ईमानदारी, बहादुरी और भक्ति का प्रतीक बताया।
• वीर दुर्गादास राठौड़17वीं शताब्दी में महाराजा जसवंत सिंह की मृत्यु के बाद वीर दुर्गादास राठौड़ ने अकेले दम पर मारवाड़ (जोधपुर) पर राठौड़ वंश के शासन को बनाए रखा। दुर्गा दास राठौड़ (13 अगस्त 1638 – 22 नवम्बर 1718) को 17वीं सदी में जसवंत सिंह के निधन के पश्चात् मारवाड़ में राठौड़ वंश को बनाये रखने का श्रेय जाता है। यह करने के लिए उन्हें मुग़ल शासक औरंगज़ेब को चुनौती दी।

3. नवंबर 2022 में मलेशिया में सुल्तान अजलन शाह कप का किया जाएगा आयोजन
• 16 से 25 नवंबर, 2022 तक सुल्तान अजलन शाह कप अंतरराष्ट्रीय पुरुष हॉकी टूर्नामेंट का आयोजन दो साल बाद मलेशिया के इपोह में किया जाएगा। कोविड-19 महामारी के कारण इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट का पिछले दो वर्षों से आयोजन नहीं किया जा सका था। इसका आयोजन आखरी बार साल 2019 में हुआ था जब दक्षिण कोरिया ने फाइनल में भारत को हराकर
खिताब जीता था।

4. केन्या के नए राष्ट्रपति बने विलियम रुटो
• केन्या के उपराष्ट्रपति विलियम रुटो अपने प्रतिद्वंद्वी और लंबे समय से विपक्षी नेता रैला ओडिंगा को हराकर देश के नए राष्ट्रपति बन गए हैं. उन्हें राष्ट्रपति चुनाव का विजेता घोषित किया गया है।
• रुटो को 7,176,141 वोट मिले यानी कुल 50.49 प्रतिशत मत मिले हैं जबकि ओडिंगा को 6,942,930 लाख वोट यानी 48.85 प्रतिशत मत प्राप्त हुए। इस तरह रैला ओडिंगा को हराकर वह राष्ट्रपति पद हासिल करने में कामयाब रहे। 55 वर्षीय रुटो राष्ट्रपति उहुरू केन्याटा का स्थान लेंगे, जिन्होंने 10 से अधिक वर्षों तक देश का नेतृत्व किया है।

5. WHO ने मंकीपॉक्स वायरस के तीन वैरिएंट्स को दिए नाम
• हाल ही में विश्व स्वास्थ्य संगठन (WHO) ने मंकीपॉक्स वायरस के वेरिएंट को नाम दिया है। यह किसी भी सांस्कृतिक या सामाजिक अपराध से बचने के लिए किया गया था। मंकीपॉक्स वैरिएंट का नाम

बदलकर 'क्लेड्स I, IIa और IIb' कर दिया गया है। पॉक्स वायरोलॉजी के विशेषज्ञों और दुनिया भर के अनुसंधान संस्थानों के प्रतिनिधियों द्वारा ज्ञात और नए मंकीपॉक्स वायरस वेरिएंट या क्लैड के फ़ाइलोजेनी और नामकरण की समीक्षा की गई।

6. मध्य प्रदेश का आदिवासी जिला 'मंडला' बना देश का पहला 'कार्यात्मक रूप से साक्षर' जिला
• हाल ही में मध्य प्रदेश का आदिवासी बहुल जिला मंडला देश का पहला 'कार्यात्मक रूप से साक्षर' जिला बन गया है। एक व्यक्ति को कार्यात्मक रूप से साक्षर कहा जा सकता है जब वह अपना नाम लिखने, गिनने और हिंदी में पढ़ने और लिखने में सक्षम हो। मंडला जिले ने 2020 में स्वतंत्रता दिवस से एक अभियान, 'निरक्षरता से आजादी अभियान' शुरू किया था।
• साल 2011 के सर्वे अनुसार मंडला जिलें में साक्षरता प्रतिषत 68 प्रतिशत था, जुलाई 2020 में हुए सर्वे के अनुसार मंडला जिले में लगभग सवा दो लाख व्यक्ति साक्षर नहीं थे। 2020 को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर निक्षरता से आजादी अभियान की शुरूआत की।

7. उत्तराखंड ने प्राथमिक स्कूलों में डिटोल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम किया शुरू
• उत्तराखंड के प्राथमिक स्कूलों में बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता पैदा करने के लिए 16 अगस्त, 2022 को मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने डिटोल स्कूल स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम की शुरूआत की है। इसके लिए प्रदेश के शिक्षा विभाग और उपभोक्ता स्वास्थ्य एवं स्वच्छता क्षेत्र की दिग्गज कंपनी रेकेट के बीच समझौता ज्ञापन पर दस्तखत किए गए। यह स्वच्छता शिक्षा कार्यक्रम प्रदेश के सभी 13 जिलों के 13 हजार प्राथमिक स्कूलों में चलाया जायेगा।

8. मध्य प्रदेश में शुरू हुआ 'चरखा-चाक उत्सव'
• 16 अगस्त, 2022 को मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड एवं माटी-कला बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में गौहर महल में 'चरखा-चाक उत्सव' का शुभारंभ किया गया है। यह उत्सव 28 अगस्त, 2022 तक चलेगा।
• मध्य प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड के अध्यक्ष जितेंद्र लिटोरिया ने कहा कि माटी-कला बोर्ड के माध्यम से परंपरागत माटी शिल्प को प्रोत्साहित करने का कार्य किया जा रहा है। माटी शिल्पी सामाजिक व्यवस्था के अभिन्न अंग हैं। इनकी शिल्प-कला को संगठित रूप से बाज़ार मुहैया कराने का कार्य बोर्ड द्वारा इस उत्सव के माध्यम से किया जा रहा है।

9. 17 अगस्त, 2022 को रेडक्लिफ रेखा के 75 वर्ष हुए पूरे75 साल
• पहले देश को ब्रिटिश शासन से आजादी मिलने के दो दिन बाद 17 अगस्त, 1947 को उपमहाद्वीप को बांटने वाली एक सीमा रेखा 'रेडक्लिफ लाइन' प्रकाशित हुई थी, जिसके जरिये भारत और नव-सृजित पाकिस्तान के बीच सरहद का भौगोलिक सीमांकन किया गया था। 17 अगस्त, 2022 को 75 साल पूरे हो गए हैं। दो देश बन जाने के बाद इसके लिये एक अंतर्राष्ट्रीय सीमा भी तय की गई जिसे रेडक्लिफ रेखा नाम दिया गया है।

10. चीन का अनुसंधान जहाज श्रीलंका के हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुंचा
• हाल ही में चीन का उपग्रह ट्रैकिंग पोत युआंग वांग 5 श्रीलंका के दक्षिणी हंबनटोटा बंदरगाह पर पहुँचा है, जबकि भारत और अमेरिका ने इस सैन्य जहाज़ की यात्रा पर चिंता व्यक्त की है।
:- युआंग वांग 5

# Daily Current Affairs 18 August 2022

• यह युआंग वांग शृंखला की तीसरी पीढ़ी का पोत है जो वर्ष 2007 में सेवारत है। पोत की इस शृंखला में "मानवयुक्त अंतरिक्ष कार्यक्रम का समर्थन एवं उपग्रह ट्रैकिंग" भी शामिल हैं। अर्थात् इसमें उपग्रहों और अंतर-महाद्वीपीय मिसाइलों को ट्रैक करने की क्षमता है।